बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम में प्रवेश सत्र 2023-24

दिनांक 22 सितम्बर2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर द्वारा संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइन्सेस (आयुर्वेद संकाय) मे बी.ए.एम.एस. 2023-24 सत्र के लिए नीट परीक्षा उत्तीर्ण करके आयुष कॉउंसलिंग मे प्रतिभाग करके आये विद्यार्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं प्रवेश लिया गया। आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एन एस ने कहा गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्सेस की सभी 100 सीट आयुष कॉउंसलिंग के प्रथम चरण मे ही आवंटित हो गई थी। ये आयुर्वेद कॉलेज बी ए एम एस के विद्यार्थियों की प्रथम पसंद बन चुका है। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं प्रवेश की प्रक्रिया 18 सितंबर से ही प्रारंभ हो गयी थी | दिनांक 22 सितम्बर को वेरिफिकेशन का अंतिम दिवस था, सायं 5 बजे तक यू पी कॉउंसलिंग के पोर्टल पर प्रवेश लिए विद्यार्थियों की जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। माननीय कुलपति महोदय मेजर जनरल डॉ अतुल बाजपेयी के नेतृत्व मे पूरी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से सम्पन्न करायी गयी।

Counter-3